हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 5 सितंबर 2025

04 अधर्म कितना भी बलवान हो, अंत में धर्म की विजय होती...


07 पहले हाईवे की सड़क धंसी अब तिरबेनी पुल के...




**खबर संक्षेप**

## धान उपार्जन के पंजीयन 15 सितंबर से होंगे प्रारंभ

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार धान उपार्जन का पंजीयन 15 सितम्बर 2025 से 10 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। धान उपार्जन के लिए किसान अपना पंजीयन लोक सेवा केंद्र, एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे, तहसील स्थित सुविधा केंद्र, ग्राम एवं जनपद पंचायत कार्यालय स्थित सुविधा केंद्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र तथा एमपी किसान एप के माध्यम से करा सकते हैं। शासन के निर्देशानुसार सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर स्थापित पजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विकय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा तथा किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में किया जाएगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। जनधन, अक्रियाशील, (विगत 6 माह से क्रियाशील न हो) संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल पेटीएम, एवं नाबालिग बैंकखाता पंजीयन में मान्य नहीं होगें।

### कांग्रेस कार्यकर्ता पर हुई एफआईआर को वापस लेने की मांग

# गुजराती बोले सात दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे विरोध प्रदर्शन

यह विवाद सोमवार को तब शुरू हुआ जब बस स्टैंड पर राहुल गांधी के एक बयान को लेकर भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सोमवार को हुए राजनीतिक विवाद के बाद सीहोर में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आज (गुरुवार) को विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बीजेपी कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज करने और कांग्रेस कार्यकर्ता पर दर्ज एफआईआर को वापस लेने की मांग की गई है।

ज्ञापन सौंपने के बाद मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि हमने कोतवाली थाने में आवेदन दिया था और 3 दिन की चेतावनी दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब हमने एसपी कार्यालय आकर ज्ञापन दिया है और साफ कह दिया है कि अगर 7 दिन में कार्रवाई नहीं हुईए तो हम फिर से विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### क्या था विवाद

यह विवाद सोमवार को तब शुरू हुआ जब बस स्टैंड पर राहुल गांधी के एक बयान को लेकर बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। इस दौरान विधायक सुदेश राय पर 'मातृशक्ति' के सामने अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप भी लगा।

**बयानबाजी भी चली :** घटना के बाद पूर्व विधायक रमेश सक्सेना ने एक वीडियो जारी कर विधायक को मर्यादा बनाए रखने की नसीहत दी। जवाब में विधायक के भांजे राजकुमार जायसवाल ने पलटवार करते हुए कहा कि विधायक अपने कार्यकर्ताओं के लिए हर लड़ाई लड़ेंगे।



उन्होंने कहा कि जिन्हें राजनीतिक शुचिता की बात करनी है, उन्हें पहले उस प्रवक्ता को रोकना चाहिए था जिसने पंडित प्रदीप मिश्रा के बारे में गलत बातें लिखी थीं।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, जिला सह प्रभारी दिनेश मेघानी, पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर, ओमदीप राठौर, विष्णु राठौर, ओम वर्मा,राजा राम बड़े भाई, प्रीतम दयाल चौरसिया, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, जफरलाला, ओम बाबा राठौर, राकेश वर्मा, निशांत वर्मा, विवेक राठौर, भूरा यादव, मुकेश ठाकुर, राकेश वर्मा, नरेंद्र खंगराले, संजय हवेली, घनश्याम मीणा, मनोज पटेल,बलवान पटेल, रामनारायण शर्मा, देवीसिंह तँवर, घनश्याम यादव, हसीम कुरैशी, ईश्वर सिंह चौहान, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, राहुल ठाकुर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, कपिल गौर, राहुल ठाकुर, रामनारायण परमार, अर्जुन मेवाड़ा, नरेंद्र परमार, सुरेश ठाकुर, भोला त्यागी, आजम लाला, साजिद खान, सुनील कांवरे, तारा यादव, यश यादव, तनिष्क त्यागी, सुमित नरें, गजराज परमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### बुधवार को कांग्रेस ने की निंदा

बुधवार को कांग्रेस कार्यालय में हुई बैठक में पार्टी के नेताओं ने बीजेपी के इस कदम की कड़ी निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक सुदेश राय और बीजेपी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सार्वजनिक रूप से अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया, जो कि राजनीतिक इतिहास में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। कांग्रेस ने बीजेपी से इस कृत्य के लिए पश्चाताप करने की मांग की है। अब इस मामले में गुरुवार को कांग्रेसजनों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है।

# अर्जुन पुरस्कार लौटाएंगे पैरालिंपियन कपिल परमार !



**सीहोर।** पेरिस पैरालंपिक 2024 में जूडो में कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम रोशन करने वाले सीहोर के पैरालिंपियन कपिल परमार ने प्रदेश सरकार पर वादाखिलाफी का गंभीर आरोप लगाया है। सरकार की बेरुखी से दुखी होकर उन्होंने अर्जुन पुरस्कार लौटाने का ऐलान कर दिया है। कपिल ने साफ कहा है कि अगर अगले 10 दिनों में उन्हें सरकारी नौकरी नहीं दी जाती है तो वे यह पुरस्कार खेल विभाग के निदेशक को लौटा देंगे। उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी पत्र लिखा है।

बता दें कपिल परमार जो कि 2019 राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप और 2023 ग्रैंड प्रिक्स में स्वर्ण पदक भी जीत चुके हैं ने बताया कि पैरालंपिक में पदक जीतने के बाद मध्य प्रदेश सरकार ने उन्हें एक करोड़ रुपये और सरकारी नौकरी देने का वादा किया था। हालांकि, उन्हें पैसे तो मिल गए, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी नौकरी की फाइल आगे नहीं बढ़ पाई है।

**हर बार टाल रहे :** कपिल ने बताया कि हर बार अधिकारी केवल यही कह देते हैं कि फाइल चल रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने पैरा एथलीटों को गजटेड अधिकारी बनाने का वादा किया था, जो अभी तक पूरा नहीं हो सका है।

**सम्मान सिर्फ फोटो तक सीमित :** कपिल ने कहा कि जब कोई खिलाड़ी मेडल जीतता है तो नेता और अफसर केवल फोटो खिंचवाने आते हैं, लेकिन जब मदद की असली बारी आती है तो सभी पीछे हट जाते हैं। उन्होंने तुलना करते हुए कहा कि हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में उनके साथी खिलाड़ी नौकरी ज्वाइन भी कर चुके हैं, लेकिन मध्य प्रदेश में केवल आश्वासन ही मिल रहा है।

### मुलाकात से बच रहे मंत्री सारंग

कपिल ने खेल मंत्री विश्वास सारंग और अन्य अफसरों पर भी संपर्क से बचने और सिर्फ आश्वासन देने का आरोप लगाया। उन्होंने दुख जताया कि प्रदेश भर में खेल दिवस बड़े स्तर पर मनाया गया, लेकिन उन्हें कहीं बुलाया तक नहीं गया।

## पिछले 24 घंटे में 34.6 मिलीमीटर औसत बारिश

**सीहोर।** जिले में बीते24 घंटे में सुबह 08 बजे तक 34.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 22.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 55.0, आष्टा में 36.0, जावर में 33.0, इछावर में 20.0, भैरूंदा में 34.0, बुधनी में 30.5, रेहटी में 45.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 04 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 913.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 956.3 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 04 सितम्बर 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 841.0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 819.0, आष्टा में 705.0, जावर में 667.6, इछावर में 852.3, भैरूंदा में 956.0, बुधनी में 1289.6 तथा रेहटी में 1178.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## नदी को पार करते समय तेज बहाव में बहा युवक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शुक्रवार को पार्वती नदी में आष्टा के रनायल बोरखेड़ा घाट पर शंकर सपेरा, उम्र लगभग 50 वर्ष, निवासी सेवखेड़ी रनायल तथा सुरेश सपेरा पिता अमर सिंह सपेरा, उम्र 22 वर्ष, निवासी सेवखेड़ी रनायल नदी पार कर ग्राम बोरखेड़ा की ओर जा रहे थे।

इस दौरान शंकर सपेरा पैदल नदी पार कर रहा था, जबकि सुरेश सपेरा मोटरसाइकिल से नदी पार करने का प्रयास कर रहा था। उपस्थित ग्रामीणजन एवं चौकीदार द्वारा दोनों को रोका गया, किंतु वे नहीं रुके। परिणामस्वरूप, शंकर सपेरा सुरक्षित नदी पार कर गया, परंतु सुरेश सपेरा मोटरसाइकिल सहित पार्वती नदी के तेज बहाव में बह गया। उसकी तलाश जारी है।

## खेत में लोटपोट होकर फूट-फूटकर रोया गरीब किसान, सोयाबीन की फसल बर्बाद होने पर टूटीं उम्मीदें



**सीहोर।** ग्राम भैसाव नागिन में किसान प्रेम नारायण की तीन हेक्टेयर भूमि पर बोई गई सोयाबीन की फसल अधिक वर्षा, पानी भराव, कीटनाशक असर और पीला मोजेक बीमारी से पूरी तरह बर्बाद हो गई। अपनी बर्बाद फसल देखकर किसान खेत में कीचड़ में लोटपोट होकर फूट-फूट कर रोने लगा। किसान का कहना है कि उस पर नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक का दो लाख रुपये का कर्ज है, जिसे वह अब चुका नहीं पाएगा। सोयाबीन की फसल का बीज भी कर्ज लेकर बोई गई थी वह भी मैं कैसे दे पाऊंगा न तो उसे फसल बीमा की राशि मिली और न ही किसी अधिकारी ने उसकी फसल का सर्वे किया। लगातार पांच साल से खराब हो रही फसल से किसान हताश हो चुका है और अपने बच्चों का पेट कैसे भरे, यह सोचकर निराशा में डूब गया। उसका रोता-बिलखता वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने सरकार और बीमा कंपनियों से किसानों की तत्काल मदद करने की अपील की है। सीहोर जिला शाजापुर जिला के अनेकों किसान आज दुख की घड़ी में है यही हालत अनेकों किसानों के बने हुए हैं लेकिन वह अपना दुखड़ा किसको सुनाएं मनी मन में दुख और संकट में जी रहा है।

### गाड़ियों को दिखाई विधायक सुदेश राय ने हरी झंडी

# डायल 112 का श्री गणेश: जिले को मिलीं 24 नई गाड़ियों की खेप



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करने के लिए गुरुवार को पुलिस लाइन में डायल 112 वाहनों का फ्लैग ऑफ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिले को डायल 112 की 24 नई गाडिय़ां मिलीं, जिन्हें पुलिस महानिरीक्षक (देहात जोन भोपाल) अभय सिंह और विधायक सुदेश राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें पहले जिले में डायल 100 के रूप में 20 गाडिय़ां चल रही थीं, जिन्हें अब डायल 112 में अपग्रेड किया गया है और इनकी संख्या बढ़ाकर 24 कर दी गई है। इनमें 5 स्कॉर्पियो एन और 19 बोलेरो नियो मॉडल की गाडिय़ां शामिल हैं। इन गाडिय़ों को शहर के प्रमुख चौराहों और ग्रामीण क्षेत्रों के थानों में तैनात किया जाएगा, ताकि आपात स्थिति में लोगों को तत्काल मदद मिल सके।

### डायल करें 112, मिलेंगी यह सुविधाएं

डायल 112 एक एकीकृत सेवा है, जिसका उद्देश्य एक ही नंबर पर सभी आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस नंबर पर कॉल करके लोग पुलिस (100), एंबुलेंस (108), फायर ब्रिगेड (101), महिला हेल्पलाइन (1090) और साइबर क्राइम (1930) जैसी कई सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। यह पहल नागरिकों की सुरक्षा को और मजबूत करेगी।

### हाईटेक है नई गाडिय़ां

कैमरा: हर गाड़ी में दो डैश कैमरे लगाए गए हैं। एक सामने की रिकॉर्डिंग के लिए और दूसरा गाड़ी के अंदर की गतिविधियों को रिकॉर्ड करने के लिए। इसके अलावा पुलिस स्टाफ को बॉडी वार्न कैमरा भी दिया गया है।

**जीपीएस और मैपिंग:** गाडिय़ों में 5 जीपीएस लोकेटर और उच्च स्तरीय मैपिंग सिस्टम है, जिससे घटनास्थल पर जल्द से जल्द पहुंचा जा केगा।

### आपातकालीन उपकरण

हर गाड़ी में 45 तरह के आपातकालीन उपकरण मौजूद हैं, जो जरूरत पडऩे पर इस्तेमाल किए जा सकते हैं।

इस मौके पर बीजेपी जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और डायल 112 की टीम मौजूद रही। बता दें जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत को डायल 112 का नोडल अधिकारी बनाया गया है।



## खबर संक्षेप



### नाबालिग बालिका को रेहटी पुलिस ने किया बरामद

**रेहटी।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देशन और एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।विगत दिनो फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 14 वर्ष 10 माह की पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर गुमशुदगी दर्ज कर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।विवेचना के दौरान नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया गया एवं सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया गया।

### मातृ व शिशु मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य से कार्यशाला आयोजित



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य से भैरूंदा में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह एवं भैरूंदा के खंड चिकित्सा अधिकारी ने आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और विभागीय अमले को मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने के बारे में जानकारी दी और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। कार्यशाला में सभी कार्यकर्ताओं को बताया गया कि सभी गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीयन अनिवार्य है। विवाह के समय माता की उम्र 18 वर्ष होनी चाहिये। इसके साथ ही आयरन एवं कैल्शियम प्रदान करना, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, पर्याप्त पोषण आहार, समय पर परामर्श, संस्थागत प्रसव के लिए परामर्श और सभी एएनसी महिलाओं का 04 एएनसी चेकअप करना सहित अनेक बिंदुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### ग्राम छतरपुर में जारी सात दिवसीय भागवत कथा में पहुंचे सांसद, विधायक

# अधर्म कितना भी बलवान हो, अंत में धर्म की विजय होती है : जगदगुरु

कथा का श्रवण करने पहुंचे सांसद आलोक शर्मा ने विकास कार्य के लिए करीब 20 लाख रुपए की राशि की घोषणा की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सभा में बैठे सभी वरिष्ठ जन द्रौपदी का अपमान होते देखते रहते हैं और कोई भी इसका विरोध नहीं करता है। द्रौपदी भगवान कृष्ण का स्मरण करती है और उनकी कृपा से कृष्ण उसकी लाज बचाने के लिए प्रकट होते हैं। भागवत कथा के द्रौपदी चीरहरण प्रसंग में अन्याय का विरोध करना चाहिए।

यह प्रसंग नारी के सम्मान और धार्मिकता की शक्ति को दर्शाता है, जहां सभा में उपस्थित सभी लोगों के निस्तेज होने पर भी भगवान कृष्ण ने द्रौपदी के चीर को बढ़ाया और उसकी लाज बचाई। इस घटना से शिक्षा मिलती है कि अधर्म कितना भी बलवान हो, अंत में धर्म की विजय होती है और जो लोग दृढ़ विश्वास के साथ पुकारते हैं, उन्हें भगवान का साथ अवश्य मिलता है। यह बात ग्राम छतरपुर में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के छठवे दिवस जगदगुरु पंडित अजय पुरोहित ने कही। इस मौके पर कथा का श्रवण करने पहुंचे सांसद आलोक शर्मा ने विकास कार्य के लिए करीब 20 लाख रुपए की राशि की घोषणा की। उक्त राशि से कथा स्थल परिसर की बाउंड्री बाल के अलावा क्षेत्र के विश्रामघाट के सौंदर्यकरण आदि किया जाएगा। कथा का श्रवण विधायक सुदेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा और भाजपा नेता माया राम गौर आदि ने किया।कथा के दौरान जगदगुरु पंडित पुरोहित ने कहाकि जब पुण्य प्रबल होता है तो मारने वाला चाहे कितना उपक्रम कर ले, मारना तो दूर बाल भी बांका नहीं कर सकता। द्रौपदी के चीर हरण का प्रसंग ही ले लो। उस भरी सभा में उसका अपना कौन नहीं था पर कोई बचाने आगे नहीं आ सका। आम जीवन में भी ऐसा कई बार होता है जब परेशानी में अपने ही सब मुंह मोड लेते हैं। तब सिर्फ आपका पुण्य ही काम आता है। द्रोपदी ने जब खुद को महाशक्ति से जोड़ा, उसका संचित पुण्य काम आया। दुर्योधन व दुशासन थक हार गए पर अपना मकसद पूरा नहीं कर पाए।

इसलिए हमेशा जुडों तो उससे जिससे पुण्य का बैलेंस बढ़े। पुण्यावणी उतार पर हो तो हीरे जवाहरात भी कोयले नजर आते हैं। काम नहीं आते। परेशानी के समय भी हम किसी से अच्छा बोलकर, सम्मान देने जैसे छोटे छोटे तरीकों से पुण्यार्जन कर स्वयं को सुरक्षित रख सकते है। ये पुण्य ऐसे समय साथ देते हैं, जब कोई दूसरा नहीं देता। श्रीकृष्ण ने सदैव अन्याय, अत्याचार व गलत पर प्रहार किया। हमें भी जब जब कुछ गलत नजर आए, उसका कड़ा विरोध करना चाहिए।



## नगर में विराजे गजानन...



**सीहोर।** पुराना बस स्टैंड पर बाल गणेश उत्सव समिति 3 सालों से विराजमान कर रही गणेश प्रतिमा। समिति अध्यक्ष गोलू विश्वकर्मा



**सीहोर।** श्री गणेशाय क्लब पीपलपुरा कस्बा सीहोर विगत 5 वर्षों से गणेश प्रतिमा स्थापित कर रही है। समिति अध्यक्ष हर्षित शुक्ला।



**सीहोर।** आंबेडकर नगर मुर्दी गंज सीहोर में शिव पार्वती गणेश उत्सव समिति विगत 3 वर्षों से गणेश प्रतिमा स्थापित कर रही है। समिति अध्यक्ष अंकुर महोबिया।

## पंडाल लगाकर विठलेश सेवा समिति ने किया अखाड़ों के कलाकारों का स्वागत



**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी डोल ग्यारस का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। डोल ग्यारस पर्व पर अखाड़ों के कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए तो उधर नगर के विभिन्न मंदिरों से डोल निकले, जो रात 9 बजे के बाद सीवन नदी पहुंचना शुरू हुए। इसके बाद विमान में सवार देवताओं की श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पूजा-अर्चना की। इस मौके पर शहर के छावनी स्थित नमक चौराहे पर हर साल की तरह इस साल भी विठलेश सेवा समिति ने भव्य पंडाल बनाकर अखाड़ों का स्वागत किया, वहीं अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने डोल की पूजा-अर्चना की और अखाड़ों के कलाकारों का सम्मान किया। समिति की ओर से पंडित दीपक मिश्रा, विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला, मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य ने जोरदार बारिश के मध्य भी करतब दिखाने वाले कलाकारों का स्वागत किया। देर रात तक लोग दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में लोग चल समारोह मार्ग पर खड़े थे। डोल नगर के विभिन्न मंदिरों से निकाले गए। एक भव्य रंग बिरंगी झांकियों से सजा भव्य मंदिर के डोल चल रहे थे। इनके पीछे अन्य मंदिरों के डोल कतार में थे। इस दौरान ख्याति प्राप्त अखाड़े भी निकले, जिनके कलाकारों द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाए। पूरे नगर में डोल ग्यारस का पर्व भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

## कृत्रिम कुंड में होगा गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन



**बुधनी।** नर्मदा के बढ़ते जल स्तर और एनजीटी के निर्देश अनुसार प्रतिमाओं का विसर्जन नर्मदा में पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा इसके लिए नगरीय निकाय सीमा क्षेत्र में अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु कृत्रिम कुंड तैयार करवाए गए हैं। जिसमे गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगरवासियों ओर समितियों से आग्रह किया है कि नगर परिषद द्वारा तैयार किए गए कृत्रिम कुंड में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करें।

एसडीएम डीएस तोमर ने बताया कि लगातार बारिश के चलते नर्मदा नदी का जलस्तर बढ़ा होने के कारण नर्मदा नदी में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा स्थानीय प्रशासन के निर्देश पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर परिषद द्वारा पशु चिकित्सालय के पास कृत्रिम कुंड तैयार करवाए गए हैं जिसमे गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जायेगा विसर्जन के दौरान स्थानीय प्रशासन के आधिकारी ओर कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

गुरूवार को एसडीएम डीएस तोमर, एसडीओपी रवि शर्मा, थाना प्रभारी डीएसपी चैन सिंह रघुवंशी, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्जुन मालवीय, सीएमओ संतोष रघुवंशी ने विर्सजन स्थल ओर कृत्रिम कुंड की तैयारियों का जायजा लिया इस दौरान स्वच्छता निरीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ओर नगर परिषद की टीम मोजूद थी स्थानीय प्रशासन द्वारा नगरवासियों ओर समितियों से अपील की गई है जिसमें अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कृत्रिम कुंड में ही करें इससे न केवल जलस्त्रोत प्रदूषण से सुरक्षित रहेंगे बल्कि पर्यावरण के संरक्षण में भी सभी का योगदान रहेगा।

## जुलूस में शामिल होकर विधायक राय ने दी बोहरा समाजजनों को ईद मिलाद उल नबी की मुबारकबाद



**सीहोर।** जश्ने ईद मिलादुन नबी के मौके पर दाऊदी बोहरा समाज द्वारा शहर में भव्य चल समारोह निकाला गया। जुलूस में शामिल होकर विधायक सुदेश राय ने दी बोहरा समाजजनों को ईद मिलाद उल नबी की मुबारक बाद दी। जुलूस कस्बा मस्जिद से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ छावनी स्थित मस्जिद पर पहुंचकर समापन हुआ। शहर के दाऊदी बोहरा समाजजनों ने विधायक सुदेश राय का पुष्प मालाऐं पहनाकर सम्मान किया। विधायक सुदेश राय ने इस मौके पर कहा कि दाऊदी बोहरा समाज देश की उन्नती प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है मध्य प्रदेश से लेकर गुजरात तक और पूरे देश में व्यापारिक गतिविधियों में यहां समाज लगा रहता है विदेशों में रहकर भी दाऊदी बोहरा समाज के लोग अपनी जन्मभूमि भारत को नहीं भूलते है यही सच्ची देशभक्ति है उन्होने कहा कि बोहरा समाज के लोग हमारे शहर के लिए भी व्यापार के प्रमुख केंद्र विंदु है। जुलूस में युसूफ भाई, समाज अध्यक्ष अब्दुल हुसैन लोहे वाले हुसैन अली,मन्नान भाई, मुस्तफा हुसैन, शेख जियाउल, हकीम सुजय आदि समस्त बोहरा समाज जन शामिल रहे।

## पटवारी संघ के अध्यक्ष बने रामनिवास पंवार



**भैरुंदा।** गुरुवार को तहसील पटवारी संघ के चुनाव सम्पन्न हुए। जिसमें रामनिवास पंवार को संगठन का अध्यक्ष चुना गया। निर्वाचन के पहले संगठन के सदस्यों ने वार्षिक गतिविधियों पर चर्चा करने के साथ ही अपने विचार भी व्यक्त किए। इसके बाद सभी की सर्वसम्मति से रामनिवास पंवार को अपना अध्यक्ष चुना। इस अवसर पर मौजूद सभी पटवारियों द्वारा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

### शकुंतला देवी चौरसिया को दी श्रद्धांजलि

सीहोर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष स्वर्गीय नरेंद्र चौरसिया की पुत्रवधू भाजपा नेता स्वर्गीय कैलाश चौरसिया की बहू पूरन श्याम राजू संजय चौरसिया की भाभी नवनीत चौरसिया पटवारी की माताजी भाजपा के वरिष्ठ नेता चौरसिया समाज के अध्यक्ष मोहन चौरसिया की धर्मपत्नी शकुंतला देवी चौरसिया रिटायर्ड शिक्षिका का कल देवलोक गमन हो गया था। मुक्तिधाम पर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर संचालन करता एडवोकेट रामनारायण ताम्रकार, शकुंतला देवी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व संपूर्ण रूप से प्रकाश डाला एवं सामूहिक रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, विधायक सुदेश राय, नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पूर्व जिला अध्यक्ष सीताराम यादव, तहसीलदार अमित सिंह, नायब तहसीलदार अविनाश सोनानिया, नायब तहसीलदार आकाश महंत राठौर समाज के पूर्व अध्यक्ष सतीश राठौर ने श्रद्धांजलि दी।

## दिव्यांगजनों ने ईवी के लिए कलेक्ट्रेट में दिया ज्ञापन



**सीहोर।** दिव्यांगजनों ने इलेक्ट्रीक या पेट्रोल चलित बाइक और मासिक पेंशन पांच हजार रूपये प्रति माह उपलब्ध कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को दिया। दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद के प्रदेशाध्यक्ष श्रवण वास्तवार के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में दिव्यांगजनों की विभिन्न समस्याओं से भी सरकार को अवगत कराया गया। जिस में राष्ट्रीय पूर्नवास केंद्र में दिव्यांगों को काम दिलाने और दिव्यांगजनों के नाम पर कार्य कर रही और दिव्यांगों को कुछ भी लाभ नहीं देने वाले ऐसे संस्थाओं एनजीओ पर सख्त कानूनी कार्रवाही कराने की मांग भी की गई। ज्ञापन देने वालों में दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद जिलाध्यक्ष सुखवेन्द्र सिंह दांगी, उमा चौरसिया, नरेश मेवाड़ा कमलेश राठौर, रविन्द्र सैनी, राजकुमार प्रजापति, गोवर्धन प्रजापति सहित बड़ी संख्या में दिव्यांग शामिल रहे।

### डॉक्टर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

# एसडीएम ने किया सिविल अस्पताल का निरीक्षण, मरीजों से जानी व्यवस्थाएं





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

गुरुवार को एसडीएम सुधीर कुशवाहा आकस्मिक रूप से नगर के सिविल अस्पताल पहुंचे और उन्होंने वहां मौजूद लोगों से बातचीत की और उनसे जानकारी ली कि उन्हें दवाई मिल रही है या नहीं, एसडीएम ने सभी डाक्टरों कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की तथा साफ सफ़ाई, सीटी स्कैन, ओपीडी वॉर्ड , सहित औषधि वितरण कक्ष इमरजेंसी आदि की जांच की। उन्होंने सिविल अस्पताल सीबीएमओ मनीष सारस्वत व अन्य डाक्टर कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा शासन का लक्ष्य सिविल अस्पताल में आने वाले सभी लोगों को समुचित उपचार देने का है।

उन्होंने उपस्थित डॉक्टरो ,कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि शासन की योजनाएं जनता के बीच क्रियान्वित हो इसके सभी प्रयास करें यदि इसमें कोई लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सिविल अस्पताल सीबीएमओ मनीष सारस्वत सहित अन्य डॉक्टर मौजूद रहे।

### खेत पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्च सरकार वहन करेगी

**सीहोर।** फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी।

अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानकी फसल उगाने वाले कृषक अपने खेत के चारो ओर 5 तार व खम्बे की फेंसिंग लगवा सकते हैं। उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। विभाग द्वारा जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है।

आयुक्त उद्यानकी के अनुसार उद्यानकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है। इससे बचाव के लिये यह योजना लागू की गई है। विभाग द्वारा किसानों को तार-फेंसिंग लगाने में आने वाला खर्च का आधा अनुदान प्रदान किया जाएगा।

**किसान विपणन सहकारी संस्था मर्यादित नसरुल्लागंज, जिला सीहोर (म.प्र)**

**वार्षिक आम सभा सूचना दिनांक 25/09/2025**

वार्षिक आम सभा की सूचना किसान विपणन सहकारी संस्था मर्या. भैरुदा के सदस्यो को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आम सभा दिनांक 25/09/2025 दिन गुरुवार को संस्था भवन में समय 1:00 बजे अयोजित किया जाना है । जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है । गणपूर्ति के अभाव में सभा आधे घंटे के लिये स्थगित कर पूनः कार्यवाही सम्पन्न की जावेगी ।

प्रशासक :- श्री आर.एस. रैकवाल (वरिष्ठ सह. निरिक्षक )
प्रबंधक - मनोहर सिंह पंवार

**कार्यालय नगर परिषद भैरूंदा जिला सीहोर (म.प्र.)**

Tel. No./Fax No.-07563-276062 Email Add.- cmonasrullaganj@mpurban.gov.in

क्रमांक 4844/न.परि./PMAY-U2.0/2025 भैरूंदा, दिनांक: 04/09/2025

**दावा आपत्ति प्राप्त हेतु आवश्यक सूचना**

एतत द्वारा समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि, नगरीय क्षेत्र भैरूंदा (नसरूल्लागंज) में वार्ड क्रं. 1 से 15 तक में म.प्र. शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग (म.प्र.) भोपाल के निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री आवास शहरी 2.0 (बी.एल.सी. घटक) अंतर्गत प्राप्त आनलाईन आवेदनों के दस्तावेजो का मौके पर सत्यापन किये जाने के उपरांत पात्र हितग्रोहीयों की द्वितीय डी.पी.आर. तैयार करने हेतु सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किये जाने के पूर्व दावे आपत्ति प्राप्त किये जाना है। यदि किसी को भी हितग्राहियों के विरूद्ध किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो दिनांक 18/09/2025 को समय 05:00 बजे तक प्रमाणित साक्ष्य सहित दावें आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि उपरांत किसी प्रकार कि आपत्ति मान्य नही होगी। दावा आपत्ति आमंत्रण की जाने वाले हितग्राहीयों की सूचि नगर परिषद भैरूंदा (नसरूल्लागंज) एवं तहसील कार्यालय भैरूंदा के नोटिस बोर्ड पर आम चस्पा कि गई है। जिसका अवलोकन कर निर्धारित समय अवधि में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। सूचित हो।

मुख्य पालिका अधिकारी
नगर परिषद, भैरुंदा जिला सीहोर मप्र

एनएच-52 पर अनेक जगह बनी हादसों की संभावना, टोल कंपनी नहीं दे रही ध्यान

# पहले हाईवे की सड़क धंसी अब तिरबेनी पुल के किनारे की ढहने लगी है पिचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र में अनवरत हो रही बारिश के चलते एनएच-52 हाईवे पर अनेक स्थानों पर दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई है। दो दिन पूर्व शहर की सीमा से निकले बाईपास पर दरगाह गेट के सामने हाईवे की सड़क धंसने से हुए 2 फीट गहरे गड्ढे के बाद अब तिरबेनी नाले की पुलिया पर मिट्टी के कटाव के चलते पुल की पिचिंग धीरे-धीरे ढहती ही जा रही है।

पिचिंग ढहने से पुलिया पर बड़े वाहनों समेत दो पहिया वाहनों चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी हुई है। पुलिया के एक सिरे पर मिट्टी का कटाव इतना अधिक हो चुका है अगर कोई बाईक सवार असंतुलित हुआ तो वो सीधा 20 फीट गहरे नाले में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो सकता है या अन्य कोई जनहानि हो सकती है।

**48 घंटे बाद भी नहीं करवाई धंसी हुई सड़क की मरम्मत :** एनएच-52 पर 02 सितंबर की रात्रि दरगाह गेट के ठीक सामने हाईवे की सड़क अचानक घंसने से दो फीट से ज्यादा गहरा गड्ढा हुआ था। पुलिस प्रशासन ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए उक्त गड्ढे के चारों ओर बेरीकेट्स तो लगवा दिए हैं लेकिन गड्ढे की मरम्मत की तरफ टोल कंपनी के जिम्मेदारों ने कोई ध्यान नहीं दिया है।




**टोल वसूल रही कंपनी नहीं दे रही है ध्यान:** एनएच-52 पर ब्यावरा से लेकर राजस्थान सीमा तक हाईवे की सड़क एवं पुल-पुलियाओं के मेंटेनेंस इत्यादि की पूरी जिम्मेदारी टोल वसूल रही मेसर्स अग्रोह इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की है। लेकिन, उक्त टोल कंपनी द्वारा संभावित दुर्घटनास्थलों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दरअसल, यह हाईवे मप्र रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन (एमपीआरडीसी) के अधीन आता है और एमपीआरडीसी का जिले में कोई दफ्तर नहीं होने से टोल कंपनी के जिम्मेदार उक्त लापरवाहियों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक हुए सैकड़ों गड्ढे-** उक्त दो बड़ी लापरवाहियों के साथ ही ब्यावरा से लेकर राजस्थान सीमा तक एनएच-52 हाईवे पर अनेकों स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं जिन्हें मरम्मत की दरकार है। बीच में कुछ दिनों के लिए रुकी बारिश के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा बड़े गड्ढों की रिपेयरिंग की जेहमत नहीं उठाई गई है।

### इनका कहना है...

संबंधितों को कहकर मैं उक्त दोनों मामलों को अभी दिखवाती हूं। जहां ज्यादा दिक्कत है उन स्थानों पर तत्काल रिपेयरिंग करवाई जाएगी।

**सोनल सिन्हा, संभागीय अधिकारी एमपीआरडीसी, भोपाल**

## तेजाजी महाराज के जन्मोत्सव पर भजन संध्या आयोजित

**जीरापुर।** नगर के बटावदा जोड़ के सामने छापी बांध के किनारे स्थित तेजाजी महाराज के मंदिर पर वीर तेजाजी का जन्मोत्सव धूमधाम हर्ष उल्लास से श्रद्धालु भक्तों द्वारा मनाया गया। श्री सत्यवीर तेजाजी महाराज समिति द्वारा तेजाजी जन्मोत्सव में देर रात्रि तक भजन संध्या का आयोजन भी किया गया। जहां पर भजन संध्या कलाकार मदनसिंह पोलाखेड़ा एवं प्रेमसिंह दांइखेड़ी ने धार्मिक भजनों पर बहुत सुंदर प्रस्तुति दी जिस पर श्रद्धालु भक्त खूब थिरके। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में महाप्रसादी का आयोजन रखा गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने शामिल होकर महाप्रसादी ग्रहण की एवं भक्तों द्वारा तेजाजी महाराज की पूजा अर्चना की।

खाद्य एवं औषधी प्रशासन ने प्रस्तुत किया प्रकरण

## जेल में बंदियों को परोसी जाने वाली सामग्री के सैंपल निकले फेल

**राजगढ़।** जिला जेल राजगढ़ में निरुद्ध बंदियों को दिए जाने वाले नाश्ते, भोजन इत्यादि से जुड़ी खाद्य सामग्री के सैंपल लेबोरेट्री जांच में अमानक पाए गए हैं। ऐसे में खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग द्वारा तत्कालीन जेल अधीक्षक एवं जेल क्रय समिति के एन.एस. राणा, क्रय समिति सचिव अमर सिंह सौलंकी, क्रय समिति सदस्य धमेंद्र सिंह एवं जेल में खाद्य सामग्री सप्लाई करने वाली राजुलबाई गोदा राज टेडर्स विन्ध्यांचल इंदौर एवं सुनील गोदा राज टेडर्स इंदौर के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण मुख्य न्यायिक मजिस्टेट एवं अपर कलेक्टर राजगढ़ की कोर्ट में प्रस्तुत किया है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि 1 अक्टूबर 2023 को कलेक्टर के निर्देशों पर जिला जेल राजगढ़ में बनने वाले नाश्ता, भोजन आदि में प्रयुक्त होने वाले सोयाबीन तेल, मिर्च पाऊडर सहित सात अन्य सामग्रियों के सैंपल लेकर उन्हें लेबोरेट्री में जांच के लिए भेजा गया था, जहां सैंपल अमानक स्तर के पाए गए हैं। दौबारा करवाई गई जांच में भी सैंपल अमानक ही पाए गए। ऐसे में आवश्यक विवेचना एवं अभियोजन की स्वीकृति उपरान्त उक्त संबंधितों के खिलाफ मामला न्यायालय एवं अपर कलेक्टर कोर्ट में प्रस्तुत किया गया है।

उमड़ा भक्तों का सैलाब, खाटूश्याम दरबार दूर अंचल से पहुंचे श्रद्धालु

## उज्जैन से मंगाए गए गुलाब के फूलों से किया गया बाबा का श्रृंगार, निकली निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर में स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में डोल ग्यारस पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर प्रबंधन ने उज्जैन से 51 किलो लाल गुलाब मंगवाकर बाबा का विशेष श्रृंगार किया। सुबह की आरती से ही भक्तों का आना शुरू हो गया। दोपहर और संध्या आरती में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। शहर के साथ आसपास के गांवों और जिले भर से लोग दर्शन के लिए पहुंचे। एक दिन में करीब



एक लाख भक्तों ने बाबा के दर्शन किए। कई गांवों से निशान यात्राएं ढोल और डीजे के साथ मंदिर पहुंचीं। शहर के पिंजरा गली स्थित काली माता मंदिर से भी एक निशान यात्रा निकली। ग्रामीणों ने श्रद्धापूर्वक बाबा को निशान समर्पित किएभीड़ को देखते हुए सिटी थाने से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। नगर सुरक्षा समिति के कार्यकर्ताओं को भी व्यवस्था में लगाया गया। अधिक भीड़ के कारण हाइवे का रूट डायवर्ट कर भारी वाहनों को वन-वे से निकाला गया। जलझूलनी एकादशी को डोल ग्यारस कहते हैं।

# कटे होंठ की विकृति से जूझ रहे बालक को मिली नई मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की खिलचीपुर तहसील के ग्राम दूधाहेड़ी निवासी 6 माह का मासूम ऋतिक पिता महेश जन्म से ही कटे होठों की जन्मजात विकृति से जूझ रहा था। इस विकृति के कारण न केवल उसके पोषण और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था, बल्कि उसके परिवार पर मानसिक तनाव और चिंता की गहरी छाया भी थी।

इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत डॉ. मोहित नागर एवं उनकी टीम द्वारा ऋतिक की आंगनवाड़ी केंद्र पर समुचित जांच की गई। तत्पश्चात सर्जरी हेतु बहु-स्तरीय प्रयास प्रारंभ किए गए। बच्चे के वजन की सतत मॉनिटरिंग और स्वास्थ्य की कड़ी निगरानी सुनिश्चित की गई।




जिससे सर्जरी के लिए अनुकूल परिस्थितियां निर्मित हो सकें। बालक की सर्जरी लाहोटी अस्पताल, भोपाल में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क रूप से संपन्न हुई। अब ऋतिक पूरी तरह स्वस्थ है और उसकी मासूम मुस्कान पूरे गांव में आशा का नया संदेश दे रही है।

### वरिष्ठ अधिकारियों का रहा सहयोग

इस बच्चे के चेहरे पर मुस्कान लौटाने में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल, जिला टीकाकरण अधिकारी एवं आर.बी.एस.के. नोडल अधिकारी डॉ. एल.पी. भकोरिया एवं जिला समन्वयक दीपक सक्सेना सहित उनकी टीम की प्रतिबद्धता और मेहनत से यह प्रयास पूर्ण रूप से सफल हो सका। ऋतिक के परिजनों ने शासन, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## डोल ग्यारस पर निकले विमान, भजनों की गूंज से भक्तिमय हुआ शहर



**खुजनेर।** नगर में डोल ग्यारस का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी परंपरानुसार नगर में डोल ग्यारस पर बुधवार को शहर में छः मंदिरों के विमानों द्वारा चल समारोह निकाला गया। इस दौरान शाम 5 बजे से सांवलिया सेठ मंदिर से समारोह प्रारम्भ हुआ जो कुशवाहा मोहल्ले होते हुऐ चरणदास जी मंदिर पहुंचा जहां चरणदास जी मंदिर, नरसिंह जी मंदिर,खाकी जी मंदिर, श्रीराम मंदिर के विमान शामिल हुए। वहीं चल समारोह शिवाजी मार्केट पहुंचने पर द्वारकाधीश मंदिर के विमान भी शामिल हुऐ जो पुराना बस स्टैंड होते हुऐ गोपचंद जी मंदिर पहुंचे जहां भगवान की विशेष पूजा, अर्चना महाआरती कि गई साथ केले का प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान श्री बजरंग अखाड़े के कलाकारों द्वारा लठबाजी आदि करतब दिखाये ओर युवक बैंड की धुन पर नाचते नजर आये अखाड़े के साथ-साथ भजन मंडलियां भी शामिल रही वही भजनों के गीतों से शहर का वातावरण धर्ममय हुआ। विमान वापस आने पर जगह जगह विमान में विराजमान भगवान की पूजा अर्चना की गई जिसमें बडी संख्या में नगरवासी सम्मिलित हुए।

## शांति कांवेंट हाई स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस




**शुजालपुर।** जामनेर के हाई स्कूल विद्यालय में शिक्षकों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी टीचर्स डे 5 सितंबर को ही मनाया जाता लेकिन 5को छुट्टी होने से यह कार्यक्रम गुरुवार को एक दिन पूर्व ही संस्था में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ज्ञातव्य हैं कि 5सितंबर को हमारे देश के स्वर्गीय पूर्व राष्ट्रपति श्री राधाकृष्णन सर्वपल्ली के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। गुरुवार सुबह 10बजे विद्यालय में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ एडवोकेट अमित मालवीय ने किया। इस दौरान विद्यालय के फादर तथा सिस्टर ने बच्चों को दैनिक जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। तो वही मुख्यातिथि मालवीय ने कहा कि शिक्षक के बिना हमारे जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने द्वारा शिक्षक को सम्मानित करते हुए उपहार भेंट किए तो वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम से उपस्थित जनों का ध्यान अपनी ओर आकृषित किया।


## छात्र से अश्लील वीडियो बनवाने और वायरल करने पर शिक्षक को शोकॉज

### जांच समिति ने पाया दोषी, 7 दिवस में देना है जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सुठालिया पीएमश्री बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पिछले दिनों अश्लील वीडियो ने जहां शिक्षा विभाग की साख मिट्टी में मिला दी, वहीं विभाग ने जांच करवाते हुए स्कूल के शिक्षक संजय भारती पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शिक्षक भारती को दिए गए नोटिस में कहा गया है कि 18 अगस्त 2024 को स्कूल की स्मार्ट टीवी पर अश्लील वीडियो चलाने एवं सोशल मीडिया पर वायरल करने की बात कही गई है।

12वीं के एक छात्र के लिखित कथन के अनुसार संबंधित अश्लील वीडियो संजय भारती के द्वारा



बनवाया गया था। जांच समिति ने पाया कि घटना की संभावित समयावधि में शिक्षक भारती का पीरियड था। इस प्रकार शिक्षा विभाग ने वायरल वीडियो में संलिप्तता तथा कर्तव्य में लापरवाही एवं कक्षा कार्य से अनुपस्थित रहने के कारण दोषी पाया गया है। इस विषय पर शिक्षक भारती को 7 दिन का समय दिया गया है जिसमें वह विभाग को अपना उत्तर प्रस्तुत कर सकते हैं।

### शिक्षक बोले - मुझे नहीं मिला कोई आदेश

वहीं जब इस बारे में शिक्षक संजय भारती से बात हुई तो उन्होंने विभाग के किसी भी तरह के पत्र मिलने की बात से इंकार कर दिया एवं कहा कि मेरा कोई कालखंड कभी खाली नहीं रहा। यदि मैं किसी कालखंड में उपस्थित नहीं रहा तो मुझे कोई नोटिस दिया गया होगा। मैं नोटिस मिलने के बाद अपना स्पष्टिकरण दूंगा।

## विशाल दांगी का संभाग स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता में चयन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था इंदौर पब्लिक स्कूल, ब्यावरा के कक्षा 9वीं के छात्र विशाल दांगी पिता ओमप्रकाश दांगी ने खेल क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विशाल दांगी का चयन 17 बालक वर्ग शालय वालीबॉल प्रतियोगिता में संभाग स्तर पर हुआ है। वे 4 सितंबर को मंडीदीप में आयोजित होने जा रही संभाग स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय संचालक हरिओम दांगी, प्राचार्य चेनसिंह जाटव, खेल शिक्षक ओवेश, धारणा नामदेव मेम सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र विशाल दांगी को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

बारिश से निपटने नहीं की गई पूर्व से तैयारियां

## नगर में कई जगह जल भराव से लोग परेशान

**खिलचीपुर।** नगर के मुख्य सराफा बाजार मार्ग से दर्जी गली, मिर्ची गली के बीच वार्ड नंबर 15 के रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे होने से आए दिन दुर्घटनाएं घटित तो हो रही हैं, वहीं बारिश के पानी से जल भरा हुआ है जिससे आम जनों को काफी तकलीफें हो रही है। पिछले एक सप्ताह से लगातार हो रही रुक-रुक के बारिश के कारण दर्जी गली से सराफा बाजार, गली जोड तक जल



निकासी नहीं होने से जल भराव हो रहा है वहीं नगरीय प्रशासन कुंभकरण की नींद सो रह है आए दिन वार्ड वासी सहित आने जाने वाले रहा वासी परेशान हो रहे। बीते एक महीने पहले इसी मार्ग पर सामान से भरा हुआ ठेला पलट गया था जिससे उसका पूरा सामान पानी में गिरकर गीला होकर खराब हो गया था। इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं ,नगर परिषद से वार्डवासी कई बार शिकायत कर चुके हैं परंतु कोई अधिकारी सुनने को तैयार ही नहीं है।

राज्यमंत्री टेटवाल की मौजूदगी में पूजा अर्चना कर पुजारियों का किया सम्मान

## डोल ग्यारस पर सजधज कर निकले बेवान, हर मोहल्ले में हुई पूजा



**सारंगपुर।** जल झूलनी एकादशी के अवसर पर सारंगपुर के सभी प्रमुख मंदिरों से भगवान के बेवान निकाले गए। सजे धजे बेवान में भगवान कृष्ण की प्रतिमा सनातन धर्म प्रेमियों का मन मोहित कर रही थी। वहीं प्रत्येक परिवारों की माता बहनों ने भगवान के विमान के दर्शन कर विमान में स्थापित भगवान कृष्ण की प्रतिमा का पूजन किया और परिवार में सुख समृद्धि की कामना की। नगर के विभिन्न मोहल्ले से भगवान के विमान पहुंचे तो मोहल्ले वासियों ने उत्साह और उमंग के साथ भगवान के दर्शन किए। एकादशी के इस पर्व पर नगर में मुख्य मार्ग से एक साथ विमान का चल समारोह भी निकल गया जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत हुआ। वहीं राज्य मंत्री गौतम टेटवाल हिंदु उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ ध्रुव भल्ला एवं महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश पुष्पद के नेतृत्व में सभी विमान में विराजित भगवान का पूजन कर पुजारी का सम्मान किया गया। ढोल ग्यारस के इस पर्व पर सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा के नेतृत्व में सभी प्रमुख चौराहा पर पुलिस जवान तैनात दिखे उल्लेखनीय है कि डोल ग्यारस पर इंद्रदेव द्वारा भी जमकर वर्षा की गई हालांकि विमान के चल समारोह के दौरान पानी बंद होने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन करने के लिए बाहर निकले।

धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया डोल ग्यारस पर्व, नगर में चल समारोह निकला

# 51 ढोल के साथ रिमझिम फुहारों के बीच निकले भगवान के विमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-सारंगपुर

भादोमास की एकादशी तिथि पर डोल ग्यारस पर्व नगर सहित जिले भर में परंपरानुसार बड़ी धूमधाम एवं विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया गया। राजगढ़ नगर में किला क्षेत्र स्थित श्री नृसिंह भगवान मंदिर में गार्ड ऑफ ऑनर के उपरान्त सभी मंदिरों के विमान स्थानीय पारायण चौक परिसर में एकत्रित हुए। पारायण चौक में श्रद्धालुओं द्वारा विमानों के दर्शन, पूजन उपरान्त उपरान्त गाजे-बाजे के साथ सभी विमानों को नगर भ्रमण हेतु चल-समारोह के रूप में ले जाया गया।

उक्त आयोजन के लिए हिन्दू उत्सव समिति द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई थीं वहीं विमानों भगवान के विमानों की अगवानी के लिए 51 ढोल बुलवाए गए थे। रिमझिम बारिश के बीच शाम 5 बजे चल-समारोह आरंभ हुआ जो रानी लक्ष्मी चौक, मेन मार्केट, गणेश चौक, तुल्ली चौक, किला होते हुए छोटे पुल पहुंचा। इस बीच नगर के श्रद्धालुओं विमानों में विराजित भगवान के दर्शन कर परिक्रमा लगाते हुए भगवान को फलों व अन्य भोग का प्रसाद अर्पित किया।

### झमाझम बारिश में निकाले गए विमान

सुठालिया में जलझूलनी एकादशी के मौके पर बुधवार को सांयकाल नगर के सभी मन्दिरो के विमान का चल समारोह ढोल ढमाको के साथ निकाला गया। इस दौरान नगर के सभी मन्दिरो के विमान पहले गढ़ी परिसर में एकत्रित हुए जहां राज परिवार द्वारा परंपरागत रूप से पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात चल समारोह शुरू हुआ जिसमे नगर के करीब आठ दस मंदिरों के विमान शामिल हुए। इस दौरान विमान के आगे स्थानीय बजरंग अखाडे के कलाकारों द्वारा जगह जगह करतब दिखाए गए।

## श्रीकृष्ण लीलाओं का उपदेश दिया



सारंगपुर शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में बुधवार को ढोल ग्यारस के उपलक्ष में भगवान बलराम और श्री कृष्णा प्रसंगो के अंतर्गत वर्ष भर चलने वाली कार्यक्रमों में ढोल ग्यारस के अवसर पर श्री कृष्ण लीलाओं का और उनके उपदेशों का महाविद्यालय में वीडियो दिखाकर उल्लेख कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ममता खोईया के द्वारा गीता के उपदेशों के बारे में बताते हुए सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया गया और कहा गया कि मनुष्य जीवन में कोई भी ऐसी समस्या नहीं है जिसका समाधान गीता में ना हो इसलिए आप सभी को गीता का अध्ययन कर उसके अनमोल विचारों को अपने जीवन में उतरना चाहिए।

### जलझूलनी एकादशी पर धूमधाम से निकले विमान

**माचलपुर।** नगर में परंपरा अनुसार जलझूलनी माचलपुररू नगर में जलझूलनी एकादशी का पर्व बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। सभी मंदिरों के सुसज्जित विमान जिसमे भगवान आकर्षक श्रंगार कर विराजमान थे ढोल नगाड़ों के साथ अपने बरसते पानी में अपने मंदिरों से निकल कर नगर के बाजार चौक पर विराजित हुए। जहा हिंदू उत्सव समिति द्वारा सभी मंदिर के पुजारियों स्वागत सम्मान किया गया मंच पर विराजित विमानों का नगर के नागरिकों ने पूजन दर्शन किए। विमानों के साथ डीजे और ढोल नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु नचाते हुए चल रहे थे।

खबर संक्षेप

### सामाजिक सुरक्षा योजना शिविर का आयोजन

**आष्टा।** गुरुवार को सीहोर जिला के आष्टा ब्लॉक में दो वित्तीय समावेशन संतृति (FI Saturation camp) शिविरों का आयोजन ग्राम पंचायत किलेरामा एवं ग्राम पंचायत सेवदा में किया गया ग्राम पंचायत शिविरों में प्रमुख रूप से भारतीय रिजर्व बैंक की क्षेत्रीय निदेशक रेखा चन्दनावेली, बैंक ऑफ़ इंडिया भोपाल अंचल के आंचलिक प्रबंधक बी आर पटनायक, बैंक ऑफ़ इंडिया एफजीएमओ भोपाल उप महाप्रबंधक सुबोध कुमार, आर बी आई एलडीओ धीरज शर्मा, सीईओ जनपद पंचायत अमित व्यास, क्षेत्रीय प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया नर्मदापुरम राकेश कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया नर्मदापुरम राजकुमार सेन, सहायक महाप्रबंधक बैंक ऑफ़ बड़ोदा शिवदत्त मिश्रा, क्षेत्रीय प्रबंधक मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक रेखा तिवारी, बैंक ऑफ़ इंडिया एफजीएमओ भोपाल मुख्य प्रबंधक हिरेन तिलाला, जिला अग्रणी प्रबंधक जयदीप भट्टाचार्य एवं सरपंच किलेरामा राकेश परमार, सरपंच सेवदा संतोष उपस्थित रहे। शिविर में क्षेत्रीय निदेशक आरबीआई रेखा चन्दनावेली ने ग्राहकों को खातों में री-केवाईसी को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने की अनिवार्यता बताइए उन्होंने कहा कि समय पर री केवाईसी न होने से खाता निष्क्रिय हो जाते हैं जिससे शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता एवं बैंको को बताया की री केवायसी की प्रक्रिया अपने ग्राहकों को पहचाने बिना नहीं की जा सकती है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

एक ही बारिश में उखड़ी नगर की कई सड़कें, नपा ने 50 लाख से ज्यादा रुपए बहा दिए पानी में

# पहले जिम्मेदारों ने गुणवत्ता पर नहीं दिया ध्यानः अब बोले-बारिश से बह गया डामर, फिर करवाएंगे मरम्मत


वार्ड 4 किला घाटी की सड़क में पड़े गड्ढे


वार्ड 10 और 4 के बीच स्थित सड़क की हालत

बारिश से पहले नपा ने कायाकल्प के नाम पर सड़कों पर किया था डामरीकरण, धटिया गुणवता के कारण एक बारिश भी नहीं झेल पाई नगर की सड़के, हो गई बदहाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर में नगर पालिका ने बारिश से पहले 50 लाख से भी अधिक के लागत के प्रमुख मार्गों के डामरीकरण कार्य कराया था। अलग-अलग राशि से अलग-अलग मार्गों के 50 लाख से भी अधिक राशि नगर पालिका ने खर्च की थी। लेकिन यहां 50 लाख से भी अधिक के मार्ग का डामरीकरण व्यर्थ ही चला गया। या यूं कहें कि 50 लाख पानी में बह गए। दरअसल आष्टा नगर पालिका ने बारिश से पहले शहर के प्रमुख मार्गों का कायाकल्प किया था। योजना में पहले चरण में 25 लाख की लागत से डामरीकरण ग़ल चौराहा से लेकर पारख मेडिकल तक किया था इसके अलावा अलग-अलग टुकड़ों में प्रमुख मार्गों का डामरीकरण किया गया था लेकिन बारिश में जगह-जगह से डामरीकरण उखड़ गया अब



लोग इसके गुणवंता पर भी सवाल उठा रहे हैं।

### इन मार्गों का हुआ था डामरीकरण

शहर के बुधवारा मार्ग, कासीपुरा, शास्त्री कॉलोनी, गल चौराहा, बड़ा बाजार, सब्जी मंडी, पुराना बस स्टैंड रोड, सुभाष चौक सहित 10 से 12 मार्ग पर 50 लाख से अधिक लागत के डामरीकरण किया गया था लेकिन बारिश में अधिकांश मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं।

### गुणवत्ता पर ध्यान नहीं

नागरिक हरपाल सिंह ठाकुर, रमेश चंद गुप्ता, मुकेश ताम्रकार ने बताया कि शहर के प्रमुख मार्ग बुधवारा, सब्जीमंडी, बड़ा बाजार सहित कई मार्ग की हालत खराब हो गई है। जगह-जगह से डामर उखड़ गया है। नगर पालिका अगर गुणवंता पर ध्यान दे देती तो रोड की हालत खराब नहीं होती। लेकिन जिम्मेदार आंख बंद कर बैठे रहे। जिस के कारण ठेकेदार ने घटिया निर्माण कर राशि का दुरूपयोग किया। जिस का खामियाजा नगर के लोग भुगत रहे है।

### बारिश में रोड का हुआ नुकसान

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह सिंह मेवाड़ा ने कहा कि बारिश के कारण शहर के मार्ग को नुकसान हुआ है बारिश में जहां-जहां पानी भरा रहता है, डामर बह जाता है इस कारण बारिश में डामर बह गया। मरम्मत कराई जाएगी इधर सीएमओ विनोद प्रजापति ने कहा कि जहां-जहां रोड खराब है ठीक कराए जाएंगे।

### निर्माण में हुआ भ्रष्टाचार




बीते नगर पालिका चुनाव में वार्ड क्रमांक 4 भाजपा के टिकट से चुनाव लड़े पूर्व बीजेपी प्रत्याशी नवीन शर्मा ने अपने ही वार्ड की उखड़ी सड़को पर नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। नवीन शर्मा ने कहा की वार्ड क्रमांक 4 में कुछ माह पूर्व हुई बनी सड़क सिर्फ एक बारिश के पानी बहा गई। जिससे समझ में आता है की इस सड़क निर्माण कार्य में किस गुणवत्ता का मटेरियल इस्तेमाल किया गया होगा और अधिकारियों, जनप्रतिनिधियो की मिलीभगत से भ्रष्टाचार की सड़कों का जाल पूरे शहर में बिछाया गया है। पूरे नगर की सड़के उखड़ रही है। जिससे नगर पालिका में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों की की कार्यशैली साफ-साफ समझ आती है।

### पानी में बह गई सड़कें



वार्ड 10 और वार्ड चार के मध्य बनी शहर की प्रमुख सड़क पानी में बह गई। बड़े बड़े गड्ढे इस सड़क पर नजर आ रहे हैं। ऐसे में बीते नपा चुनाव में वार्ड 10 से कांग्रेस के टिकट से चुनाव लड़े नवाब बेरी ने बताया कि सड़क निर्माण के समय में ही संबंधित ठेकेदार को सड़क निर्माण की गुणवत्ता को ठीक करने की बात कही थी। लेकिन ठेकेदार ने मेरी बातों को गंभीरता से नहीं लिया और नतीजा आज पूरे सबके सामने है कुछ माह पूर्व बनी लाखों रुपए की सड़क बारिश में बह गई है और यह शहर की जनता के साथ धोखा है जनता के पैसे से बनने वाली सड़के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है जिससे जनता का पैसा भी सड़क के साथ बारिश के पानी में बह रहा है इस मामले में जांच होना चाहिए पूरे शहर की सड़कों की गुणवत्ता की जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की जाना चाहिए।

## आनंद चौक पर आज होगी महाआरती



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

ग्राम सिद्धि गंज में आनंद चौक गणेश उत्सव के दौरान भगवान गणेश जी की प्रतिमा का स्थापना की गई है। जिसमें प्रतिदिन तरह-तरह के आयोजन किए जा रहे है, साथ ही भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। देवउठनी ग्यारस पर आनंद चौक धोबी मोहल्ला में बब्बा की छोटी महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं माता बहन है उपस्थित रहे और महाप्रसादी का लाभ लिया गया। वहीं आज दिन शुक्रवार को विशाल में महा आरती का आयोजन रखा गया जिसमें बाबा के दरबार में छप्पन भोग चढ़ाया जाएगा महा आरती के पश्चात भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। जिसमें वीर बाल बजरंग मंडल के गायक कलाकार संतोष वर्मा, नंदराम बागवान, चेतन राठौर, नरेंद्र राठौर, तेज सिंह ठाकुर,चेतन ठाकुर, चेतन जोशी, अनिल राठौर वह उनकी टीम द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

## परेशान किसानों ने दिया 8 दिन का अल्टीमेटम, जाएंगे हाईकोर्ट, करेंगे उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



किसानों द्वारा किए गए किसान आंदोलन में भारी संख्या में किसान पहुंचे मुख्य बाजार गांधी चौक से रैली प्रारंभ हुई जिसमें हजारों की संख्या में किसानों ने हिस्सा लिया वहां से पैदल चलकर सभी किसान जावर तहसील पहुंचे तहसील पहुंचकर जावर तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा को सीहोर कलेक्टर बाला गुरु के के नाम पर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में 8 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है कि किसानों को बीमा राशि तत्काल डाली जाए तथा जो बीमा राशि डाली जा रही है। पटवारी के अनिवारी सर्वे के आधार पर डाली जाए सेटेलाइट के सर्वे के आधार पर ना डाली जाए। यह किसानों को लूटने की तकनीक है। सरकार द्वारा किसानों को लूटा जा रहा है। सैटेलाइट सर्वे से यहां कैसे स्पष्ट होगा कि किसान की फसल आई है या नहीं आई है। लेकिन जो सर्वे पटवारी स्वयं खेत में उतरकर करते हैं। वही बता सकते हैं की फसल खराब हुई है या नहीं हुई है। 2023 24 की फसल किसानों की सभी की खराब हुई थी। उसी वक्त किसानों ने 61 लख रुपए से ज्यादा का बीमा बीमा कंपनियों को दिया। लेकिन बीमा कंपनियों ने किसानों के साथ धोखा किया। जब किसानों की फसल खराब हुई फिर भी अभी तक बीमा कंपनियों ने उन्हें बीमा क्यों नहीं दिया। सभी किसानों ने जावर तहसील पहुंचकर ज्ञापन में स्पष्ट कर दिया है कि यदि हमें अनिवारी सर्वे के आधार पर बीमा नहीं दिया गया तो हम इस मामले को हाई कोर्ट जबलपुर लेकर जाएंगे। तथा सभी किसान मिलकर सड़कों पर भी आंदोलन करेंगे। यहां षड्यंत्र किसानों के साथ सोची समझी साजिश के तहत किया जा रहा है। किसानों को जानबूझकर सैटेलाइट सर्वे के नाम पर लुटा जा रहा है। यह किसान बिल्कुल भी स्वीकार नहीं करेंगे। यदि 8 दिन के अंदर फसल बीमा किसानों को नहीं दिया गया तो इस मामले को जबलपुर हाईकोर्ट में रिट दायर करके आगे बढ़ाया जाएगा। किसान आंदोलन आंदोलन में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद जावर शैलेश कुमार वैद्य, जावर नगर के पटेल वीरेंद्र सिंह ठाकुर, ठाकुर सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, पिंटू सिंह पटेल, धीरज सिंह सेठ ,सुरेंद्र सिंह भाटी, विजेंद्र सिंह ठाकुर, संदीप शर्मा ,सूरज सिंह ठाकुर, अजय सिंह कप्तान, देवकरण सिंह प्रजापति, सचिन सिंह ठाकुर, जोगेंद्र सिंह ठाकुर सहित जवार नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए कई प्रतिष्ठित किसान हजारों की संख्या में आंदोलन में सम्मिलित हुए।

## डोल ग्यारस के पर्व पर ग्रामीण क्षेत्रों में निकले डोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



बुधवार को डोल ग्यारस का पर्व खाचरोद सहित आसपास पूरे ग्रामीण क्षेत्र रामपुरा कला रोलागाव बरघाटी छापर बड़ कोला खामखेड़ा कन्नौज शिवजी नानकपुर लसूडिया विजय सिंह नौगांव बापचा बरामद पगारिया हाट अवली खेड़ा आदि गांव में बड़े हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया गांव में मंदिरों में सजे धजे ढोल पूजन आरती के उपरांत नगर भ्रमण पर निकले जहां पूरे गांव में जगह-जगह भक्तों द्वारा भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की गई वहीं बच्चों की दीर्घायु और निरोगी जीवन की कामना के साथ बच्चों को डोलके नीचे से निकला गया वही भजन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई इसके उपरांत सभी डोल गांव के नादिया व घाटों पर पहुंचे जहां पर जल विहार के उपरांत आरती कर सभी ढोल अपने-अपने मंदिर वापस हो गए जहां पर सभी ग्राम वासियों द्वारा भगवान की आरती कर प्रसादी वितरण की गई।

## शिक्षकों का सम्मान कर इनरव्हील क्लब ने मनाया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहने के साथ भारतीय परंपरा का भी निर्वहन करते हुए इनरव्हील क्लब ने कन्नौद रोड स्थित एक्सीलेंस पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया। सर्वप्रथम क्लब की सदस्यों एवं शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती देवी के चित्र के समक्ष प्राचार्य संतोष, इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष संगीता सोनी एवं सदस्यों ने दीप प्रज्वलित किया।

जिसके पश्चात आयोजन में उपस्थित शिक्षकगणों में संतोष शर्मा, अंजलि शर्मा, हिमांक नामदेव, आरती सोनी, सरोज साहू, देवश्री सोलंकी, मनीषा जैन, सरोज महेश्वरी, भगवती प्रसाद शर्मा, प्रियंका सोनी, रुचिका महेश्वरी, कुमारी श्वेता गहलोत, कुमारी श्वेता विश्वकर्मा कुमारी अनुराधा जैन का तिलक कर साल, माला पहना कर सम्मान किया। तत्पश्चात स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति कर गुरुजनों को समर्पित की। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष संगीता सोनी ने सबसे पहले शिक्षक दिवस की बधाई दी और आगे कहा कि शिक्षक दिवस का यह दिन हम सबको महान दार्शनिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की याद दिलाता है, जिन्होंने शिक्षा को जीवन का सबसे बड़ा साधन माना। इनरव्हील क्लब सदैव शिक्षा और समाज के विकास के लिए कार्य करता है, और हमें गर्व है कि हमें इस अवसर पर शिक्षकों का सम्मान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आप सभी शिक्षक हमारे लिए दीपक की तरह हैं, जो अपने परिश्रम और समर्पण से ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं और अज्ञानता का अंधकार दूर करते हैं। इस पावन दिन पर हम आपके प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हैं और आपको शत-शत नमन करते हैं।आयोजन के समापन के बाद क्लब द्वारा शिक्षकों को स्वल्पाहार कराया गया और स्कूल में उपस्थित छात्र-छात्राओं को चॉकलेट का वितरण किया गया जिसे पाकर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान छाई। इस कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष श्रीमती संगीता सोनी, सचिव दीपिका सोनी, उपाध्यक्ष सुनीता सोनी, कोषाध्यक्ष श्रद्धा पालीवाल, सरोज पालीवाल, गीता सोलंकी उपस्थित रही।

धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया कोठरी नगर में डोल ग्यारस महोत्सव

# चलित झांकियों ने मोहा सब का मन, बैंड-डीजे पर जमकर नाचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी





नगर परिषद कोठरी में यूं तो हर पर्व बड़े ही धूमधाम तथा सौहार्द के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी कोठरी तथा आसपास के कई गांवों के लोगों ने हजारों की संख्या में पहुंच कर नगर में मनाए जाने वाले प्रसिद्ध डोल ग्यारस के पर्व को बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया। डोल ग्यारस में सर्वप्रथम मंदिरों में सुबह से यज्ञ और पूजा पाठ करने के बाद नगर के दर्जी समाज द्वारा श्री कृष्ण के वस्त्र भेंट कर आरती की गई तत्पश्चात परम्परानुसार पटेल निज निवास पर भगवान की आरती और प्रशाद वितरण हुआ और भव्य जुलूस के साथ भगवान नगर भ्रमण पर निकले। योगेश्वर श्री कृष्ण मंदिर, देव नगर श्री कृष्ण मंदिर के डोल ट्रैक्टर ट्राली पर सजाए गए।

भगवान श्री कृष्ण का डोल नगर भ्रमण के लिए निकला। बैंड व ढोल की थाप पर ग्रामीणों ने नृत्य किया, वही युवाओं ने डीजे पर खूब धूम मचाई। नगर के प्रसिद्ध मंडलों द्वारा चल चलित झांकियों का प्रदर्शन किया गया, विशेष रूप से आपरेशन सिंदूर की झाकियां बनी आकर्षण का केंद्र। जिनका जगह-जगह साफा बांधकर स्वागत किया गया। नगर के प्रसिद्ध अखाड़ों ने भी अलग-अलग प्रकार के हैरतअंगेज करतब द्वारा दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। उस्तादों के करतब ने दर्शकों को दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया, श्री कृष्ण मंदिर समिति द्वारा प्रत्यक्ष रूप से इस त्योहार में सहयोग करने वाले सभी जनों जैसे झांकिया , मंच, अखाड़ों,ढोल, बेंड , के अध्यक्षों का साफा बांधकर स्वागत किया गया ।कोठरी का डोल ग्यारस का पर्व नगर में ही नहीं अपितु आसपास के क्षेत्र में भी प्रसिद्ध है। लोग पर्व पर निकलने वाले जुलूस मैं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहते हैं। डोलग्यारास उत्सव प्रकृति संरक्षण दिवस के रूप में मनाया गया। आलकी की पालकी जय कन्हैया लाल की जय घोष के साथ श्री राम मंदिर समिति ने बड़ी कुंडी चौक पर लड्डू गोपाल की पूजा पाठ किया। वही कृष्ण धाम से मातेश्री बाग में जल वायु पुजा व ईश वंदना व प्रसादी वितरण के साथ संपन्न हुआ।

### समरसता की मिसाल भी है कोठरी का डोलग्यारस उत्सव

कोठरी नगर का डोल ग्यारस उत्सव हर वर्ष समसरता की एक मिसाल पेश करता है इस आयोजन में नगर सभी वर्ग के लोग बराबरी से हिस्सा लेते हैं चाहे दर्जी समाज के लोग हों जो की आरती और भगवान को वस्त्र पहनाकर चाहे अखाड़े की बात हो तो अनुसूचित जाति के लोग डोल सजाकर और शानदार अखाड़ा निकालकर अपना योगदान देते हैं जो की चल समारोह में सबसे आगे रहता है इस प्रकार मुस्लिम समाज के लोग भी साफा बांधकर सभी स्वागत करते हैं इस प्रकार सभी वर्ग के किसी न किसी माध्यम से इस आयोजन में सहयोग कर समरसता की एक मिसाल पेश करते है।

### स्वर्णकार समाज अध्यक्ष बने गोपाल सोनी

**आष्टा।** स्वर्णकार समाज ने गोपाल सोनी को अपना नया अध्यक्ष चुना है। नियुक्ति के बाद पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार मित्रमंडल ने उनके निवास पर पहुंचकर साफा, शाल और श्रीफल से सम्मान किया। समाज के चुनाव वरिष्ठजनों और बुजुर्गों की देखरेख में तय समय पर होते हैं। इससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनी रहती है। समाज एकजुट होकर धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भव्य रूप से करता है। नवनियुक्त अध्यक्ष गोपाल ने कहा कि आष्टा स्वर्णकार समाज देशभर में आराध्य देव अजमीढ़ जी महाराज की जयंती भव्यता से मनाता है। समाज में महिलाओं, युवाओं और बच्चों के लिए रचनात्मक प्रतियोगिताएं होती हैं। राधा-कृष्ण मंदिर में त्योहारों को मनाने की परंपरा भी है। कैलाश ने कहा कि गोपाल सोनी प्रभुप्रेमी संघ और उसकी सांस्कृतिक मंडली से जुड़े हैं। उनके कार्यकाल में समाज की भूमिका और सक्रिय होगी।